भ्रष्टाचार — टिकरा टोला में दिखती है भ्रष्टाचार की तस्वीर

# साल भर नहीं चली 10 लाख की कांक्रीट रोड





**अमरपुर-डिंडोरी नवभारत 20 सितंबर।** विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर जिम्मेदारों के दावों की पोल ग्राम पंचायत रमपुरी के टिकरा टोला में बनी सीसी सड़क खोल रही है। वर्ष 2025-26 में निर्मित यह सड़क एक साल भी पूरा नहीं कर सकी और जगह-जगह से उखड़कर अब पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। जर्जर सड़क निर्माणों में होने वाले भ्रष्टाचार की तस्वीर खुद ब खुद पेश करती है।

निर्माण पटल गायब

निर्माण स्थल पर सूचना पटल नहीं लगाए जाने से सड़क की स्वीकृत लागत, मद, निर्माण एजेंसी और कार्य की अवधि जैसी मूलभूत जानकारी भी सार्वजनिक नहीं हो सकी। ग्रामीणों का दावा है कि सड़क का निर्माण विधायक निधि से करीब 10 लाख रुपए की लागत से कराया गया है। हालांकि जनपद पंचायत अमरपुर के सीईओ लोकेश नारनोरे ने कहा है कि विधायक निधि से इस वर्ष कोई कार्य नहीं हुआ है।

### जनपद सदस्य को अंगूठा दिखाते अधिकारी

बताया गया है कि सड़क की खराब गुणवत्ता को लेकर क्षेत्रीय जनपद सदस्य द्वारा पूर्व में जनपद पंचायत में शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद सहायक यंत्री ने सड़क की मरम्मत कराने की बात कही लेकिन कोई सुधार नहीं किया गया।

### सीईओ का जवाब

जनपद पंचायत अमरपुर के सीईओ लोकेश नारनोरे ने कहा कि सड़क किस मद से बनाई गई है, यह रिकॉर्ड देखने के बाद ही बताया जा सकता है। उन्होंने विधायक निधि से इस वर्ष कोई कार्य होने से इनकार किया। कांग्रेस ने लगाए गंभीर आरोप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने रमपुरी पंचायत को लेकर भी गंभीर आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।

# गौरी के लाल गणेश की हो रही पूजा-अर्चना



**चिल्हारी नवभारत 20 सितंबर। उमरिया जिले के मानपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिल्हारी में गणेश उत्सव को लेकर श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। गांव में जगह-जगह आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं, जहां गौरी के लाल भगवान श्री गणेश जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है।**

नवभारत कार्यालय चिल्हारी में भी भगवान गणेश जी की स्थापना कर जन कल्याण के लिए विधि: विधान से पूजा अर्चना की जा रही है साथ ही बाजार मोहल्ला, शिव मंदिर परिसर, ब्राह्मण मोहल्ला सोनी मोहल्ला, कचेर मोहल्ला सहित विभिन्न मोहल्लों में भगवान गणपति की प्रतिमाएं विराजमान की गई हैं। अनेक घरों में भी श्रद्धालुओं द्वारा गणेश की स्थापना कर पूजा-अर्चना की जा रही है। इस दौरान श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। महिलाओं की भी भारी संख्या में उपस्थिति रही।

### गणपति बप्पा मोरया के लग रहे जयकारे

पूरे चिल्हारी में 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आ रहे हैं और गांव का माहौल गणेशमय हो गया है। क्षेत्र में भी गणेश उत्सव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि इस वर्ष चिल्हारी में भगवान गणेश 12 दिनों तक विराजमान रहेंगे।

# शिक्षकों की लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग



▸ 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**उमरिया नवभारत 20 सितंबर।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ एवं अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला शाखा ने अध्यापक शिक्षक संवर्ग की वर्षों से लंबित मांगों को लेकर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वर्ष 2010 से पूर्व सेवारत शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त रखने, प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कर पेंशन, ग्रेच्युटी और अवकाश नगदीकरण का लाभ देने की मांग की गई है।

### हड़ताल अवधि का वेतन भुगतान करने की मांग

इसके साथ ही अव्यावहारिक ई-अटेंडेंस व्यवस्था बंद करने, सितंबर 2022 की हड़ताल अवधि का वेतन भुगतान करने तथा अन्य कर्मचारियों की तरह अध्यापक शिक्षकों के पदोन्नति आदेश जारी करने की मांग रखी गई। संघ ने पात्र कर्मचारियों के लंबित क्रमोन्नति और समयमान वेतनमान के आदेश जारी कर वर्षों पुरानी समस्याओं का निराकरण करने की मांग जिला प्रशासन से की है।

# टीईटी पात्रता परीक्षा के विरोध में शिक्षकों का धरना

## 2010 से पहले के शिक्षकों को छूट और पुरानी पेंशन लागू करने की मांग

**डिंडोरी, नवभारत 20 सितंबर।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर जिला इकाई डिंडोरी एवं कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले रविवार को पोस्ट ऑफिस के समीप सैकड़ों शिक्षकों ने एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं उपवास किया। जिले के सभी विकासखंडों से पहुंचे महिला एवं पुरुष शिक्षकों ने पात्रता परीक्षा टीईटी के विरोध में प्रदर्शन करते हुए इसे निरस्त करने की मांग उठाई।

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र दीक्षित ने बताया कि 2010 से पूर्व नियुक्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को पात्रता परीक्षा के दायरे में लाने के विरोध में प्रदेश के 55 जिलों में एकदिवसीय आंदोलन किया गया है।



### व्यापम से आए थे कई शिक्षक

शिक्षकों ने कहा कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2005 से 2009 के बीच व्यापमं की पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर कई शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी। इनमें से अनेक शिक्षक पदोन्नति भी प्राप्त कर चुके हैं। इसके बावजूद टीईटी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है।

धरना-प्रदर्शन में कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष रवि तेकाम, शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह उद्दे, लिपिक कर्मचारी संघ अध्यक्ष रत्नेश नामदेव, लघु वेतन कर्मचारी संघ अध्यक्ष प्रकाश चंदेल सहित जिलेभर से आए सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

# रवि रंजन गुप्ता के निधन से मानपुर में शोक की लहर



**मानपुर नवभारत।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं रवि रंजन बोरवेल के संचालक रवि रंजन गुप्ता का बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही मानपुर नगर में शोक की लहर दौड़ गई। सामाजिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखने वाले श्री गुप्ता के निधन से परिचितों, शुभचिंतकों और नगरवासियों में गहरा दुख व्याप्त है। मानपुर नगर परिषद मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां हजारों लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# योजना में सागर गुप्ता को मिली ई-स्कूटी की सौगात



**उमरिया।** उमरिया मुख्यमंत्री स्कूटी योजना ने मेधावी विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देने का काम किया है। जिले के मानपुर निवासी सागर गुप्ता को भी इस योजना का लाभ मिला है। सागर ने अपनी मेहनत और लगन से कक्षा 12वीं की परीक्षा में 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया।

प्रतिभावान छात्र सागर ने बताया कि उनके पिता का नाम राम नारायण गुप्ता है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मानपुर से पूरी की। पढ़ाई के दौरान उन्होंने नियमित अध्ययन और मेहनत को प्राथमिकता दी, जिसका परिणाम उन्हें उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के रूप में मिला। मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के अंतर्गत सागर को ई-स्कूटी के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्राप्त हुई।

### आवागमन आसान होगा

योजना का लाभ मिलने पर सागर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ई-स्कूटी मिलने से उनकी आगे की पढ़ाई के लिए आवागमन आसान होगा और समय की भी बचत होगी। सागर ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित इस योजना के लिए प्रधानमंत्री को हृदय से धन्यवाद दिया है जिनके नेतृत्व में देश में युवा नित नये मुकाम हासिल कर रहे है।

# रेलवे फाटक की समस्या से निजात दिलाने की मांग

▸ सिंगल टोला ओवरब्रिज निर्माण संघर्ष समिति का गठन



**उमरिया नवभारत 20 सितंबर।** सिंगल टोला रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों में लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है। रेलवे फाटक से आवागमन करने वाले लोगों को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसी समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र के लोगों द्वारा 'सिंगल टोला ओवरब्रिज निर्माण संघर्ष समिति' का गठन कर ओवरब्रिज निर्माण की मांग को प्रमुखता से उठाने की तैयारी की जा रही है। बताया गया कि सिंगल टोला रेलवे फाटक पर ट्रेनों के आवागमन के दौरान फाटक बंद होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। इससे आम राहगीरों, वाहन चालकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों को काफी समय तक इंतजार करना पड़ता है।

**आवागमन की समस्या से स्थायी राहत मिले-** संघर्ष समिति का कहना है कि रेलवे फाटक पहले से है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में यहां ओवरब्रिज की आवश्यकता महसूस की जा रही है। समिति द्वारा संबंधित विभाग एवं रेलवे अधिकारियों के समक्ष ओवरब्रिज निर्माण की मांग रखी जाएगी, ताकि क्षेत्रवासियों को आवागमन की समस्या से स्थायी राहत मिल सके। समिति के सदस्यों ने कहा कि सिंगल टोला क्षेत्र के विकास और सुगम आवागमन के लिए ओवरब्रिज का निर्माण आवश्यक है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों, रेलवे अधिकारियों एवं प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर चरणबद्ध तरीके से मांग को आगे बढ़ाया जाएगा।



# राधा अष्टमी पर सजा राधा रानी का मनमोहक दरबार

**शहपुरा नवभारत 20 सितंबर।** नगर के यादव मोहल्ला स्थित श्री राधा रानी चौक में गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में राधा अष्टमी का पर्व श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मोहल्लेवासियों और श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान श्री राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। बाल कलाकारों ने राधा और भगवान श्रीकृष्ण की पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर भजनों पर भावपूर्ण नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्री राधा-कृष्ण की झांकी और नृत्य प्रस्तुति के दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर जयकारे लगाए। आयोजन के समापन पर भगवान गणेश एवं राधा-कृष्ण की विधिवत महाआरती की गई।

# जिला स्तरीय खेलकूद शुरू खिलाड़ियों में दिखा उत्साह

**शहपुरा नवभारत 20 सितंबर।** जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्ञान दीप त्रिपाठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती, जनपद अध्यक्ष प्रियंका जैन सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। आयोजन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, खेल प्रशिक्षक, शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे।



# जगन्नाथपुरी के लिए ट्रेन 8 को रवाना होगी

**नवभारत चिल्हारी 20 सितंबर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जगन्नाथपुरी के लिए स्पेशल ट्रेन 8 अक्टूबर को रवाना होगी। जिले के लिए आवंटित तीर्थ यात्रियों की संख्या 150 है। तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन 23 सितंबर तक प्राप्त किए जाएंगे। कलेक्टर राखी सहाय ने बताया कि ऐसे वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक है, (महिलाओ के लिए दो वर्ष की छूट) तथा जो आयकर दाता नही है, को प्रदेश के भीतर एवं बाहर स्थित विभिन्न अधिसूचित तीर्थ स्थलो की यात्रा कराए जाने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के प्रावधानों के तहत 65 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे व्यक्ति जो अकेले यात्रा करने के लिए आवेदन करते हैं उन्हे एक सहायक साथ ले जाने की पात्रता होगी। इसके अतिरिक्त 3 से 5 व्यक्तियों के समूह (जहां सभी सदस्य 65 वर्ष से अधिक आयु के हो) को एक सहायक ले जाने की अनुमति होगी।

गाइडेंस — नीट एवं जेईई के विशेषज्ञों ने दिये सफलता के टिप्स

# कैरियर गाइडेंस के प्रति विद्यार्थियों में दिखा उत्साह



**शहपुरा नवभारत 20 सितंबर।** जनजाति कल्याण केंद्र महाकोशल, बरगांव में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं सही कैरियर मार्गदर्शन के उद्देश्य से कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं, अध्ययन की सही रणनीति, समय प्रबंधन, तर्कशक्ति एवं लक्ष्य निर्धारण के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ अध्यक्ष मनोहर लाल साहू द्वारा सेवा प्रकल्प की गतिविधियों का वर्णन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. पंकज असाठी, पेट रोग विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए कठिन परिश्रम पुराने प्रश्न-पत्रों का अभ्यास, समय पर पढ़ाई, ग्रुप स्टडी एवं नियमित रिवीजन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को नीट की तैयारी करने तथा एन सीईआरटी पर विशेष फोकस करने की सलाह दी और सकारात्मक सोच के साथ निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। आई आई टी इंदौर के गोल्ड मेडलिस्ट सतीश ने कहा कि विद्यार्थी जिस भी विषय की तैयारी करें, उसे पूरी लगन और रुचि से पढ़ें। उन्होंने विज्ञान एवं गणित को समझकर पढ़ने, अधिक से अधिक प्रश्न पूछने तथा सफलता के लिए कार्ययोजना बनाकर अध्ययन करने पर जोर दिया। डॉ. अमित जैन ने सफलता के चार स्तंभ—द्रव्य, काल, भाव और क्षेत्र—के माध्यम से विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण एवं समय के सदुपयोग की जानकारी दी। कॉग्निक आई टी कम्पनी के सीईओ डॉ. खुशबू गुलवानी बीएएमएस ने विद्यार्थियों को तर्कशक्ति पर विशेष ध्यान देने तथा सफलता के लिए सही सोच, समझ और निरंतर प्रयास को महत्वपूर्ण बताया एवं नीट के साथ बीडीएस आयुर्वेद होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति में भी भविष्य की अच्छी संभावनाओं पर मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के आयोजन में राजकुमार मटाले अखिल भारतीय सह सेवाप्रमुख के विशेष निर्देशन में योजना निर्माण कर कैरियर गाइडेंस उप समिति के संयोजक सिद्धार्थ गौतम, सदस्य अश्विनी साहू, धरम सिंह मरावी, दीपक द्विवेदी, हरिदर्शन चौकसे, पंचम सनोडिया सहित आदि शामिल रहे।

# समाज बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाएं : मीना सिंह

▸ बड़छड़ में विश्वकर्मा जयंती पर दिया एकता का संदेश



**उमरिया नवभारत 20 सितंबर।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत बड़छड़ में विश्वकर्मा समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से समाज के प्रबुद्धजन, समाजसेवी, वरिष्ठ नागरिक, युवा तथा बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिश विश्वकर्मा ने की, जबकि मंच का संचालन मूलचंद विश्वकर्मा और रामसिया विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुई। उपस्थित वक्ताओं ने धार्मिक परंपराओं में भगवान विश्वकर्मा को वास्तुकला, शिल्प और निर्माण से जुड़े देवता के रूप में वर्णित किया।

### निर्माण का संबध भगवान विश्वकर्मा से जोड़ा जाता है

वक्ताओं के अनुसार, कुछ धार्मिक कथाओं में उन्हें विभिन्न दिव्य निर्माणों और अस्त्र-शस्त्रों के निर्माता के रूप में बताया गया है। इनमें भगवान विष्णु का सुदर्शन चक्र, भगवान शिव का त्रिशूल और इंद्र का वज्र जैसे प्रसिद्ध दिव्य अस्त्र शामिल किए जाते हैं। रावण की स्वर्ण लंका के निर्माण का संबंध भी कुछ परंपराओं में भगवान विश्वकर्मा से जोड़ा जाता है। ये विवरण धार्मिक मान्यताओं और कथाओं पर आधारित हैं। वक्ताओं ने कहा कि समय के साथ तकनीक और निर्माण की पद्धतियों में बदलाव आया है, लेकिन रचना, हुनर और सृजन की परंपरा आज भी भगवान विश्वकर्मा से जुड़ी सांस्कृतिक मान्यताओं से प्रेरणा लेती है। कार्यक्रम में मानपुर विधानसभा की विधायक मीना सिंह भी शामिल हुईं।